प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 09.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घाटशिला स्थित मांझी परगना महाल धाड़ दिशोम परिसर में वीर शहीद सिदो–कान्हो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने शहीदों के बलिदान को झारखंड की प्रेरणा बताया।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के प्रचार का आज अंतिम दिन है और शाम पांच बजे तक सभी दल मतदाताओं तक पहुंचने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं । मुसाबनी में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने बाबा तिलका मांझी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के समर्थन में बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छह वर्षों में जनता को केवल वादे मिले हैं, जबकि विकास धरातल पर नजर नहीं आता।

****

झारखंड के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर इस वर्ष राज्य सरकार रजत जयंती समारोह मना रही है। धनबाद में भी इसके तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

झारखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 11 नवम्बर को रन फॉर झारखंड का आयोजन किया जाएगा। साहिबगंज में यह दौड़ साक्षरता चौक से शुरू होकर सिदो कान्हु स्टेडियम तक होगी, जिसमें महिला और पुरुष वर्ग के लिए अलग–अलग श्रेणियां रहेंगी। आयोजन की तैयारी के लिए विभिन्न उपसमितियों का गठन कर दायित्व सौंपे गए हैं। कार्यक्रम में आम नागरिकों, विद्यार्थियों, अधिकारियों और स्वयंसेवी संगठनों से अधिकतम भागीदारी की अपील की गई है।

****

भारतीय वायुसेना अपनी 93वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, पूर्वी वायु कमान आज गुवाहाटी में पहला पूर्ण–स्तरीय एयर शो आयोजित कर रही है। भारतीय वायुसेना गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर लासित घाट पर 25 से अधिक संरचनाओं में 75 से अधिक विमानों और हेलीकॉप्टरों का प्रदर्शन करेगी। इस वर्ष वायु सेना दिवस समारोह का विषय ″अचूक, अभेद्य और सटीक″ है, जो भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता, लचीलेपन और सटीकता पर ध्यान केंद्रित करने का प्रतीक है।

****

राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर साहेबगंज में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके तहत पारा लीगल वॉलेंटियर्स ने लोगों को निःशुल्क कानूनी सेवाओं और नालसा हेल्पलाइन 15100 के बारे में

जानकारी दी। कार्यक्रम में आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर न्याय और समानता की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया।

****

इधर जामताड़ा में राष्ट्रीय विधिक जागरूकता सेवा दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य कानूनी सहायता परामर्शदाता अशोक तिवारी ने लोगों को प्राधिकार द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क कानूनी सेवाओं की जानकारी दी।

****

गिरिडीह साइबर थाना पुलिस ने बेंगाबाद थाना क्षेत्र के लाछुवाडीह से दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी खुद को आंगनबाड़ी विभाग का अधिकारी बताकर गर्भवती महिलाओं से मातृत्व लाभ दिलाने के नाम पर ठगी करते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल, सिम कार्ड, एटीएम और अन्य दस्तावेज बरामद कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

****

राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में ठंड का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 14 नवंबर तक राज्य में सुबह कोहरा या धुंध और दिन में आसमान साफ रहेगा। अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की संभावना जताई गई है।

****